सेन समाज के आराध्य सेन महाराज फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले

इंदौर। केंद्रीय समिति सेन समाज ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर सेन एकता शोभा यात्रा निकाली जिसमें समाज के आराध्य सेन महाराज फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले। यात्रा में हजारों मातृशक्तियों के साथ समाजजन सम्मिलित हुए। स्वच्छता और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सेन प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

केंदीय समिति समाज के अध्यक्ष निलेश सेन शैलू, कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास ने बताया कि सेन जयंती के अवसर पर दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चाणक्य पुरी चौराहा स्थित सेन महाराज प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समाजजनों ने मुख्यमंत्री यादव का सम्मान किया। केंद्रीय समिति सेन समाज की सेन एकता शोभायात्रा की समाज के 19 गौठ के सभी अध्यक्षों और संतों ने शुरुआत की जिसमें समाज के आराध्य सेन महाराज लाव लश्कर के साथ मोगरा गुलाब सहित अनेक किस्म के फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले, यात्रा में हजारों मातृशक्तियों के साथ ही बड़ी संख्या में समाजजन भी सम्मिलित हुए, इसमें तीन झांकियां निकाली गई जिसमें सेन महाराज के जीवन पर आधारित राधा कृष्ण और नशामुक्ति, स्वच्छता सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, यात्रा में घोड़े बग्गी बैंड बाजे रहे, अखाड़े में उस्ताद खलीफा अपना करतब दिखाते हुए चल रहे थे, हजारों मातृशक्तियां भजनों पर नाचते गाते हुए चल रही थी। यात्रा का विभिन्न मंचों से फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया, सिख समाज,बलाई समाज सहित अनेक समाजों द्वारा मंचों से स्वागत किया। यात्रा में बच्चे अनेक प्रकार की वेशभूषा में चल रहे थे महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधान में शामिल हुए।

यह यात्रा दशहरा मैदान से शुरू होकर अन्नपूर्णा मंदिर से होते हुए विभिन्न मार्गो से चाणक्यपुरी स्थित सेन चौराहा पहुंची। सेन चौराहे पर प्रतिमा स्थल को फूल बंगला बनाकर सजावट की गई, मातृशक्तियों ने सेन महाराज की सैकड़ो दीपकों से आरती की। 10 हजार से अधिक समाजजनों ने महाआरती के पश्चात कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई,तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

यात्रा में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक मधु वर्मा, विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा,शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे,अमन बजाज,विनय बाकलीवाल,सहित अन्य शामिल हुए।

निलेश सेन ने बताया कि यात्रा समापन पर उद्योगपति घेवर भाटी को सेन रत्न सम्मान मालवी पगड़ी और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर केंद्रीय समिति के अध्यक्ष निलेश सेन शेलू, संदीप श्रीवास,जनक सेन, मंगल अमरिया,अमर श्रीवास, लखन परमार, नितेश काकू सेन,रितेश वर्मा, वीरू सेन सहित 19 गोठ के सभी अध्यक्ष मुख्य रूप से रहे और हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

दैनिक पंचांग

15 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



बुधवार 2026 वर्ष का 105 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 22.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 15.23 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 13.25 बजे को समाप्त। **करण** गर 11.27 बजे तदनन्तर वणिज 22.32 बजे को समाप्त।

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय		
सूर्य	मेष में	मेष	05.41 बजे से	**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
चंद्र	मीन में	वृष	07.21 बजे से	**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 42'
मंगल	मीन में	मिथुन	09.19 बजे से	**सूर्य** उत्तरायन
बुध	मीन में	कर्क	11.32 बजे से	**कलि अहर्गण** 1872680
गुरु	मिथुन में	सिंह	13.49 बजे से	**जूलियन दिन** 2461145.5
शुक्र	मेष में	कन्या	16.00 बजे से	**कलियुग संवत्** 5128
शनि	मीन में	तुला	18.11 बजे से	**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
राहु	कुंभ में	वृश्चिक	20.26 ब.से	**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
केतु	सिंह में	धनु	22.42 बजे से	**वीरनिर्वाण संवत्** 2552 / **हिजरी सन्** 1447
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		मकर	00.47 बजे से	**महीना** सव्वाल **तारीख** 26
		कुंभ	02.34 बजे से	**विशेष** प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि,
		मीन	04.06 बजे से	विषु कानी, कुब्जिका जयंती।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
लाभ	05.54 से 07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से 07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से 08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से 08.44 बजे तक
काल	08.15 से 10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से 10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से 11.47 बजे तक	चर	10.16 से 11.47 बजे तक
रोग	11.47 से 01.16 बजे तक	रोग	11.47 से 01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से 02.44 बजे तक	काल	01.19 से 02.51 बजे तक
चर	02.44 से 04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से 04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से 05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से 05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील गगन के नक्षत्र

1	3	5	0
290	139	168	569
560	256	249	578
579	445	780	668

दिन-460-229 156-148
मधुर डे-199-600 मधुर नाइट-470-238
मिलन डे-480-700 मिलन नाइट-110-240

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल........

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, त्रियोदशी, बुधवासरे, पूर्वाभाद्र नक्षत्रे, वृण योगे, गर करणे, मीन की चंद्रमा, पद्य योग, प्रदोष व्रत भद्रा 35/48 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्योगपति, हार्डवेयर का व्यापारी, किराना, कपड़ा व्यापारी, क्राकरी एवं फलों का व्यापारी, रसायन वस्तु का व्यापारी होगा।

मेष राशि : इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, मनोबल बनायें रखें, विचार हीनता से बचे रहें।

वृष राशि : भाग्य का सितारा प्रबल होगा, इष्ट मित्र सहयोग करेंगे, माता-पिता से सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि : इष्ट मित्रों से परेशानी, अशांति दैनिक कार्यगति बनी रहेगी, ध्यान दें।

कर्क राशि : मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि होगी, कृषि के कार्य बनेंगे, दैनिक कार्य में वृद्धि हो।

सिंह राशि : कार्यगति अनुकूल हो, सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि तथा प्रतिष्ठा बनेगी।

कन्या राशि : कुटुम्ब की परेशानी, चिन्ता व व्याग्रता, मानसिक उद्विघ्नता से बने रहे।

तुल राशि : धन हानि, शरीर कष्ट, मानसिक बेचैन, व्यर्थ भ्रमण तथा विशेष ध्यान दें।

वृश्चिक राशि : इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद अवश्य ही होगा, ध्यान दें।

धनु राशि : कार्य कुशलता से संतोष की प्राप्ति होगी, दैनिक समृद्धि के साधन जुटाएं।

मकर राशि : दैनिक कार्यगति वृत्तियों में सुधार, योजनाएं फलीभूत होंगी, रुके कार्य होंगे।

कुंभ राशि : विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक विभ्रम, उद्विघ्नता अवश्य बने।

मीन राशि : कार्य विफलता, प्रयास करने पर सफलता मिले, कार्य रुकेंगे, ध्यान दें।

वास्तु के अनुसार NE सिर्फ शुभ ही नहीं, बल्कि बहुत संवेदनशील भी होती है

यह घर का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है।

ब्रह्म मुहूर्त के समय सुबह कए सूर्य की निर्मल किरनें इस जगह को अच्छी एनर्जी से भर देती है, वहीं यहाँ छोटी सी गड़बड़ी भी जीवन पर बड़ा असर डाल सकती है।

यह दिशा जितनी खुल्ली और साफ सुथरी होगी उतना ही लाभ प्राप्त होता है।

यह दिशा डायरेक्ट रूप से पैसे से नहीं, पर हमारे सोच और निर्णय क्षमता से जुड़ी होती है।

यह दिशा मुख्य रूप से सोचने की क्षमता, सही स्द्दष्द्धह्यद्धश्ठ लेना, तथा मानसिक शांति को प्रभावित करती है।

अगर यहाँ दोष हो तो व्यक्ति कन्फ्यूज रहता है।

यहां पर पानी अच्छा है, पर सिर्फ साफ और हल्का पानी जैसे छोटा फव्वारा, पीने का शुद्ध पानी अच्छा होता है।

गंदा या भारी पानी (जैसे गंदा/सैप्टिक टैंक) नुकसान करता है।

इस दिशा का संबंध भविष्य और बच्चों की प्रगति से है।

यहां पर दोष होने पर बच्चों का ध्यान भटकता है तथा उनकी ग्रोथ धीमी हो जाती है।

कटा हुआ ह्श्व परेशानियाँ, अवसरों की कमी थोड़ा बढ़ा हुआ ह्श्व तरक्की और शुभ परिणाम देता है।

यहाँ पूजा स्थान अच्छा है, लेकिन बहुत ज्यादा मूर्तियाँ या भारी मंदिर, अखंड ज्योत व्यक्ति को ज्यादा भावुक , , अलग-थलग बना सकता है।

इस दिशा में टॉयलेट होने पर सिर्फ धीरे धीरे स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि समाज में मान-सम्मान कम हो सकता है।गलत फैसले और बदनामी हो सकती है। ईशान का फर्श थोड़ा नीचा होना अच्छा व ऊँचा होने पर मौके रुक सकते हैं।

ईशान में मुख्य दरवाजा अच्छा होता है, पर इससे व्यक्ति ज्यादा शांत और आध्यात्मिक बन सकता है, इसलिए हर किसी के लिए हमेशा प्रैक्टिकल नहीं होता है।

यह दिशा जीवन में कर्मों का फल जल्दी दिखाती है।

सही होने पर सब सहज चलता है, गलत होने पर बार-बार रुकावट आती है।

इस दिशा में किसी भी तरह का वजन सीढ़ियां स्टोर रूम इत्यादि का होना भी इंसान की सोच को धीरे-धीरे कुंद कर देता है।

पर अगर मजबूरी में यहां पर सीढ़ियां बनानी ही पड़े तो फाइबर की या ग्लास की सीढ़ियां बनाएं। सीमेंट की भारी सीढ़िओ का निर्माण बिल्कुल ना करें। तथा जिनमें से एनर्जी फ्लो हो सके यानी राइजर ना बनाएं।

जितने हल्के रंगों का प्रयोग कर सके वैसा करना चाहिए। यह दिशा खुली और हवादार होनी चाहिए।

*- **गुरु महेश जैन,** इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009*

आम्बेडकरजी के सपनों का भारत बनावें

इन्दौर। स्व. सुरेश सेठ विचार मंच ने साहित्यकार नयन राठी की अध्यक्षता में अम्बेडकर जयंती मनाई। अतिथि मालवा मील के मनोहर दरबार थे। संचालन सांई भक्त कमल कुमार साबू ने किया। विशेष अतिथि हाईकोर्ट एडवोकेट हरजीतसिंह छाबड़ा थे। आभार पत्रकार बाबूभाई पंवार ने माना। उपस्थितों को धार्मिक पुस्तकों का निःशुल्क वितरण अशोक बागोरा ने किया। फड़नीस काम्पलेक्स में आयोजित समारोह में स्वल्पाहार के साथ सम्पन्न हुआ। अतिथि मनोहर दरबार को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

निपानिया की बीसीएम प्लेनेट सोसाइटी में पहुँची मैया नर्मदा जल मिलने पर रहवासियों ने मनाई दिवाली

इन्दौर। शहर के तेजी से विकसित होते निपानिया क्षेत्र स्थित बीसीएम प्लेनेट सोसाइटी के रहवासियों के लिए आज का दिन उत्सव जैसा रहा। लंबे समय के इंतजार और प्रयासों के बाद आज सोसाइटी में नर्मदा लाइन से जलप्रदाय विधिवत प्रारंभ हो गया। जैसे ही नलों में नर्मदा का जल पहुँचा, रहवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे परिसर में हर्षोल्लास का माहौल छा गया।

भक्तिभाव से किया माँ नर्मदा का स्वागत- नर्मदा लाइन शुरू होने के ऐतिहासिक अवसर पर समस्त रहवासियों ने एकत्रित होकर माँ नर्मदा की विशेष पूजा-अर्चना की। महिलाओं और बुजुर्गों ने कलश पूजन कर जल का स्वागत किया। सोसाइटी के श्री एस एन सोनी, रोमा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सभी रहवासी लंबे समय से प्रयासरत थे। नर्मदा जल मिलने से अब टैंकरों पर निर्भरता खत्म होगी और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

एसवीआईएमएस में तत्वमंथन 2026

दुनिया में शिक्षा के भविष्य पर भरोसा

इन्दौर। श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंडियन एन इंजीनियरिंग स्कूल्स) के सहयोग से तत्वमंथन 2026 - एनकॉन्फ्रेंस: रीइजिनिंग एकेडेमिया इन द बानी वर्ल्ड का ऑनलाइन मोड में सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम एक नवोन्वेषी अनकॉन्फ्रेंस के रूप में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तेजी से संतुलित वैश्विक तराजू में शिक्षा की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना था। बानी ((ब्रिटल, एनन्सियस , नॉन -लीनियर , इनकंप्रेहेंसिबले) फ्रेमवर्क के संदर्भ में इस कार्यक्रम में शिक्षा, कौशल विकास और भविष्य की शुरुआत में सार्थक संवाद का मंच प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि . डॉ पराग कालकर, प्रो-वाइस चांसलर, सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी, पुणे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आपकी प्रोफेशनल डिग्रियों की भी एक्सपायरी डेट है, इसलिए निरंतर अध्ययन और स्वयं को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. गणेश राव, निदेशक, पुणे बिजनेस स्कूल, पुणे शिक्षा को व्यावहारिक जीवन से जोड़ना, सतत शिक्षा की संस्कृति विकसित करना, रिफ्रेशर कोर्स एवं कोचिंग-बेस्ड प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रेसिडेंट, एआईएमएस एम पी. चैप्टर एवं संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विश्व शिक्षा क्षेत्र में बानी की नियुक्ति अनिवार्य है।

कार्यक्रम के अंतर्गत पाँच संवाद सत्र एवं एक स्टूडेंट के लिए भी संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, अन्य नेतृत्व प्रतिष्ठित विशेषज्ञ-डॉ. संतोष धर (प्रोफेसर और निदेशक, पीपल डेवलपमेंट फाउंडेशन इंडिया), डॉ. विनोद डंबलेकर (संस्थापक और मालिक, मैंटिस), डॉ. सिरियाक नेलिकुनेल (एसोसिएट प्रोफेसर और डीन, फैकल्टी ऑफ बिजनेस, मलेशिया), डॉ. मेघना वर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर, बेंगलुरु) और शिल्पी सिंह (जीएम , प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, पीरामल ग्रुप द्वारा किया गया। इन सत्रों में शिक्षा, नेतृत्व, नवाचार और कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. उपिंदर धर अध्यक्ष और विशिष्ट प्रोफेसर, पीपल डेवलपमेंट फाउंडेशन इंडिया थे। इस अनकॉन्फ्रेंस में 50 लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अनकॉनफ्रेंस को-आर्किटेक्टडॉ. चांदनी केसवानी ने किया, आभार अनकॉन्फ्रेंस आर्किटेक्ट डॉ. मंदीप गिल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष (पीजी) ने माना इस अवसर पर कंप्यूटर एवं बायोसाइंस विभागाध्यक्ष. डॉ. क्षमा पैठणकर, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष (यूजी) डॉ. दीपा कटियाल एवं प्रतिभागी उपस्थिति रहे ।

डॉ. अतुल मलिकराम की अध्यक्षता में मनाई बाबा साहेब की जयंती

इन्दौर। ऑल इंडिया एससी, एसटी, ओबीसी एंड माइनॉरिटी फेडरेशन द्वारा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय डॉ. आंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन किया गया। जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ. मलिकराम का यह पहला बड़ा प्रदेशव्यापी कार्यक्रम था, जिसमें संगठन की एकजुटता और सेवा भाव की झलक देखने को मिली।

जयंती के अवसर पर फेडरेशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंदौर के गीताभवन चौराहा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन और जरूरतमंदों के बीच फल वितरित कर हर्षोल्लास के साथ इस दिन को मनाया।

डॉ. मलिकराम की नियुक्ति के बाद फेडरेशन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। प्रदेश स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल समाज में समरसता का संदेश देना था, बल्कि पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को एक मंच पर लाना भी था।

इसी प्रकार बाबा भीमराव आम्बेडकर मंच ने मोती तबेला चौराहा कलेक्टोरेट मार्ग पर बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर आल इंडिया एडवोकेट फोरम के प्रदेश अध्यक्ष मो. तारिक खान, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रवीण आर. रावल, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। वरिष्ठ अभिभाषक सुनील गुप्ता भी मौजूद थे।

अंबेडकर जयंती पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा समरसता दिवस का आयोजन

इंदौर। संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बजरंग नगर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा समरसता दिवस के रूप में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर इंदौर विभाग शाह समरसता प्रमुख रमेश चौकसे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के सशक्त प्रतीक थे। कार्यक्रम के दौरान बद्रीनाथ जिले के समरसता प्रमुख मनोज यादव ने यह भी कहा कि समाज में फैली ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना को समाप्त कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर , प्रांत प्रमुख गनी चौकसे, अन्नु गेहलोत, मनोज यादव, विनोद प्रजापत, राहुल राठौर, दीपक साहू, सत्यम कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, कमल चैतन्य उपस्थित रहे।

पगड़ी रस्म
स्व. श्री सुमरमल वाधवानी (मास्टर साहब) की धर्मपत्नी, गोकुलदास वाधवानी की भाभीजी, विजय, महेश, रमेश, सुनील वाधवानी की पूज्यनीय माताजी, संजय एवं अजय की बड़ी मम्मी, आकाश, हर्ष, हितेश, आयुष, हिमांशु, लवेश, जलज की दादीजी एवं विरांश की परदादीजी
श्रीमती रानी वाधवानी
का स्वर्गवास दिनांक 12.04.2026 हो गया है।
जिनकी पगड़ी रस्म (महिला-पुरुष) दिनांक 15.04.2026, बुधवार शाम 4:30 से 5:30 बजे तक स्वामी प्रीतमदास सभागृह, सिंधी कॉलोनी में रखी गई है।
शोकाकुल : समस्त वाधवानी परिवार
फर्म : लवली प्रिंटिंग प्रेस • लवली पैकेजिंग • लवली इंटरप्राइसेस • लवली क्रिएशन • स्वामी क्रिएशन • A.P इंटरप्राइसेस • H.K कंस्ट्रक्शन • पूज्य श्री झूलेलाल सिंधी पंचायत, इंदौर

अंतिम यात्रा
स्वर्गीय श्री फेरुमल कारला जी के सुपुत्र, स्व. श्री गोपालदास जी के छोटे भाई एवं रतनलाल, प्रकाशचंद, भजनलाल के बड़े भाई, मनीष एवं कपिल के पूज्य पिताश्री, पंकज, विक्की, पीयूष के चाचाजी, स्व. श्री हुंदलदास जी के दामाद, बानाराम, भगवानदास, मनोहरलाल, कन्हैयालाल के जीजाजी, श्री मनीष मोटवानी, श्री अनिल सोनेजा (उल्हासनगर) के ससुरजी, श्री जितेंद्र रामनानी के चाचा ससुरजी, घनश्याम, महेश चांदवानी, अशोक रामाणी, गिरीश चावला के मामाजी, एकलव्य, मोहक, धानुष, मोहनीश, प्रियश के दादाजी
श्री माधवदास कारला जी
(अध्यक्ष-पूज्य ठुल सिंधी पंचायत, इंदौर)
का स्वर्गवास दिनांक 14.04.2026 को हो गया है।
जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 15.04.2026, बुधवार सुबह 11 बजे निवास 31 गुलमोहर कॉलोनी एक्सटेंशन से निकलकर रीजनल पार्क मुक्तिधाम जाएगी।
शोकाकुल : कारला परिवार
फर्म : • गुरुकृपा कोल्ड स्टोरेज प्रा. लि. • श्रीनाथ जी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स • पूज्य ठुल सिंधी पंचायत, इंदौर, मो. 9826447000, 9893343363

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा दिनांक 29/08/2025 को मेरे किरायेदार श्री अजबसिंह पिता अमरसिंह निवासी-17/44, सोमनाथ की नयी चाल को किरायेदारी निष्कासन एवं किराया बाकी को नोटिस दिया गया था एवं इसी प्रकार मेरे किरायेदार उषा पति स्वः कमल जैन निवासी-17/48, सोमनाथ की नयी चाल को दिनांक 29/08/2025 निष्कासन एवं किराया बाकी को नोटिस दिया गया था। नोटिस प्राप्त होने पर दोनों किरायेदारों द्वारा उक्त भूखंड 17/44 एवं 17/47 को क्रय करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे मेरे द्वारा स्वीकार किया गया। श्री अजबसिंह ने अपने गोद लिए पुत्र संतोषसिंह के पुत्र सोनू कुशवाह को अपना वारिस घोषित करके भूखंड नं. 17/44 का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र करने को कहा गया। इस प्रकार उषा जैन द्वारा अपने पुत्र विशाल जैन को अपना वारिस घोषित करके भूखंड नं. 17/48 का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र करने को कहा गया। इन दोनों के किसी भी प्रकार के व्यक्ति को किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस के भीतर दर्ज करवाये अन्यथा इसके बाद हमारे द्वारा इन व्यक्तियों को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कर दिया जायेगा।

भूमि स्वामी (1/4) राजेश पिता स्वः नर्मदाप्रसाद शुक्ल निवासी- 32, सोमनाथ की नयी चाल, इन्दौर (म.प्र.) मोबाइल नंबर : 7000273100